दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 06
अंकः- 171
मुरादाबाद
(Sunday)
11 October 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

प्रथमं शैलपुत्री

ओम ऐं ह्रीं क्लीं शैलपुत्र्यै नम:

माँ दुर्गा का पहला ईश्वरीय स्वरुप शैलपुत्री है। शैल का अर्थ है शिखर। शास्त्रों में शैलपुत्री को पर्वत (शिखर) की बेटी के नाम से जाना जाता है। इससे पहले कि यह अपने चरम स्तर पर न पहुँच जाए तब तक आप इसे समझ नहीं सकते क्योंकि चेतना की अवस्था का यह सर्वोत्तम स्थान है जो ऊर्जा के शिखर से उत्पन्न हुआ है। यहाँ पर शिखर का मतलब है, हमारे गहरे अनुभव या गहन भावनाओं का सर्वोच्चतम स्थान। जब व्यक्ति 100त्न क्रोध में होता है तो महसूस करेंगे कि क्रोध शरीर को कमजोर कर देता है। दरअसल हम क्रोध को पूरी तरह से व्यक्त नहीं करते, जब 100त्न क्रोध में होते हैं, और पूरी तरह से क्रोध को व्यक्त करें तो इस स्थिति से जल्द ही बाहर निकल सकते हैं। जब 100त्न किसी भी चीज में होते हैं, तभी उसका उपभोग कर सकते हैं। ठीक इसी तरह जब क्रोध को पूरी तरह से व्यक्त करेंगे तब ऊर्जा की उछाल का अनुभव करेंगे और साथ ही तुरंत क्रोध से बाहर निकल जाएँगे। क्या कभी देखा है कि बच्चे कैसे व्यवहार करते हैं? जो भी वे करते हैं, 100त्न करते हैं। अगर वे क्रोध में हैं, तो वे उस पल में 100त्न गुस्से में हैं, और फिर तुरंत कुछ ही मिनटों के बाद वे उस क्रोध को भी छोड़ देते हैं। अगर वे नाराज हो जाते हैं, तो भी वे थकते नहीं। लेकिन अगर आप क्रोध हो जाते हैं तो आपका क्रोध आपको थका देता है। ऐसा क्यों है? ऐसा इसलिए है क्योंकि आप अपना क्रोध 100त्न व्यक्त नहीं करते। अब इसका मतलब यह नहीं है कि आप हर समय नाराज ही रहें। तब आपको उस परेशानी का भी सामना करना पड़ेगा जिसकी वजह से क्रोध आता है। जब आप किसी भी अनुभव या भावना के शिखर तक पहुँचते हैं तो आप दिव्य चेतना के उद्भव का अनुभव करते हैं, क्योंकि यह चेतना का सर्वोत्तम शिखर है। शैलपुत्री का यही वास्तविक अर्थ है।

फिर शुरू होगी लोकतंत्र की मरम्मत: मुख्य चुनाव आयुक्त पर राहुल गांधी का हमला, बोले- ज्ञानेश कुमार जाएंगे

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल हिरासत में, ममता समेत कई नेता भी हुए डिटेन

- ♦ सरकार डरी हुई है, उनका अधिकार छीना जा रहा:दिल्ली प्रदर्शन पर बोले मशहूर अर्थशास्त्री
- ♦ भाजपा ने राहुल गांधी को कहा नालायक नेता, पुलिस ने ममता के बाद केजरीवाल को हिरासत में लिया

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर जारी राजनीतिक टकराव के बीच विपक्षी गठबंधन लगातार हमलावर है। इस बीच, राहुल गांधी ने एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरकार और सीईसी पर तीखा हमला बोला है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ज्ञानेश कुमार जाएंगे। यह सरकार जाएगी। फिर शुरू होगी लोकतंत्र की मरम्मत। राहुल गांधी का यह बयान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष के जारी विरोध प्रदर्शन के बीच आया है।

राहुल गांधी का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब इंडिया गठबंधन के नेता कथित वोट चोरी के मुद्दे पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को घेर रहे हैं। इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के नेतृत्व में विपक्षी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका से जुड़ी अपनी चिंताओं को उठाया।राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में वोट चोरी हो रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके मुख्य सूत्रधार हैं, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इसे अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को आगे भी उठाता रहेगा। राहुल गांधी ने यह भी बताया कि 12 अक्तूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को ज्ञापन सौंपा जाएगा।इससे पहले विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से विजय चौक तक 'लोकतंत्र बचाओ' मार्च निकाला। हालांकि, पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया था। विपक्षी दलों ने एसआईआर पर रोक लगाने, मतदाता सूची से हटाए गए नामों को बहाल करने और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी उठाई है।

गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन के सांसद पिछले कई दिनों से चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि मतदाता सूची में बदलाव से लोगों के मतदान के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। वहीं, राहुल गांधी के ताजा बयान ने इस राजनीतिक टकराव के बीच केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विपक्ष के आक्रामक रुख को फिर सामने ला दिया है।

जंतर-मंतर प्रदर्शन पर अर्थशास्त्री जीन द्रेज ने कहा कि सरकार की अत्यधिक ताकत का प्रदर्शन उसका डर दिखाता है, क्योंकि जनता समझ रही है कि उनसे वोट का अधिकार छीना जा रहा है।देश की राजधानी नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने 10 अक्तूबर यानी आज विरोध प्रदर्शन बुलाया है। इस प्रदर्शन में जाने माने अर्थशास्त्री जीन द्रेज भी शामिल हुए। प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा, %उन सभी लोगों की ओर से जो यहां नहीं पहुंच पाए हैं, क्योंकि यहां जरूरत से कहीं ज्यादा ताकत का प्रदर्शन किया गया है, यह पूरी तरह से अनुपात से बाहर है।% उन्होंने कहा कि सरकार के इतने डरे होने की वजह हिंसा या सुरक्षा का कोई खतरा नहीं है, बल्कि सरकार को इस बात का डर है कि देश के लोग यह समझ जाएंगे कि उनसे वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है।नेहा बोरा, ममता समेत कई पुलिस हिरासत में

प्रदर्शन के दौरान यूट्यूबर ध्रुव राठी, ममता बनर्जी, अभिजीत दिपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका समेत कई कार्यकर्ताओं और नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया है। नेहा बोरा को भी दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा चंडीगढ़ में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरोध में प्रदर्शन कर रहे मनीष सिसोदिया और पंजाब आप के कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी हिरासत में ले लिया गया है। दिल्ली में जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आज 10 अक्तूबर को प्रदर्शन के एलान बाद अलर्ट है। प्रदर्शन की दिल्ली पुलिस की ओर से अनुमति नहीं दी गई है। राजधानी दिल्ली की सभी सीमा पर जगह-जगह पुलिस की चेकिंग हो रही है। सीजेपी के प्रदर्शन से पहले जंतर-मंतर पर कुछ प्रदर्शनकारी हिरासत में लिए गए। दिल्ली में 45 मेट्रो स्टेशनों को बंद किया गया है, कुछ जगहों पर इंटरनेट सेवाएं भी बंद की गई हैं। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संस्थापक अभिजीत दिपके को दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।सीजेपी प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को हिरासत में ले लिया है।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सीजेपी द्वारा बुलाए गए जारी विरोध प्रदर्शन के बीच कनॉट प्लेस में दुकानें बंद रहीं।नई दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में मार्ग परिवर्तन और बैरिकेडिंग के कारण लोग इधर-उधर भटकते दिखे। शंकर रोड गोलचक्कर पर पुलिसकर्मी और अर्ध सैनिक बल के जवान बैरिकेड लगाकर संदिग्ध लोगों व वाहनों की जांच कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, दिल्ली एयरपोर्ट लाइन मेट्रो स्टेशन शिवाजी पार्क के बाहर पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को हिरासत में लिया। कनॉट प्लेस में डिटेन किए गए लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कहा, 卐कुछ दिन पहले कांग्रेस पार्टी ने एक बंद बुलाया था। कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन था। आज कुछ दूसरे तत्वों ने प्रदर्शन किया है। फिर 12 तारीख को एक प्रदर्शन बुलाया गया है। एक कालखंड में किस तरह से भारत में स्थितियों को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मगर उसके पीछे के नीयत को भी समझिए। अराजकतत्वों के अंदर भी अराजकता है कि किसे श्रेय मिले। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच में गुत्थमगुत्थी चल रही है... कल कुछ राजनेता राष्ट्रपति भवन गए थे। वहां से बाहर निकलने के बाद राहुल गांधी का बयान एक नालायक नेता के बयान के बराबर है... कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि राष्ट्रपति को सड़क की लड़ाई में घसीटने की कोशिश हुई हो मगर एक नालायक नेता ने राष्ट्रपति महोदया को सड़क की लड़ाई में घसीटने की कोशिश की..मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांग रहे आंदोलनकारी आज दिल्ली के जंतर-मंतर पर जमा होने की योजना बना रहे हैं। इसी बीच अभिजीत दिपके को दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।दिल्ली में केरल भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन के बाद केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जॉन ब्रिटास ने आरोप लगाया कि पुलिस उन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाती रही और उन्हें यह जानकारी नहीं दी गई कि आगे कहां ले जाया जा रहा है।जॉन ब्रिटास ने बताया कि पिनराई विजयन, केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व वित्त मंत्री एवं सीपीआई (एम) के वरिष्ठ नेता केएन बालगोपाल और उन्हें पुलिस जीप में बैठाकर दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस उन्हें चक्कर लगवाने के बाद छत्रसाल स्टेडियम ले गई। करीब 30 से 45 मिनट बाद उन्हें फिर पुलिस जीप में बैठाया गया। ब्रिटास के मुताबिक, उन्हें नहीं पता था कि पुलिस अब उन्हें कहां ले जा रही है।सीजेपी के विरोध प्रदर्शन के बीच तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी को दिल्ली के साउथ एवेन्यू से हिरासत में लिए गया। उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन, डोला सेन और अन्य नेताओं को भी हिरासत में लिया गया है। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ममता बनर्जी की हिरासत का वीडियो शेयर करते हुए दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाए। पार्टी ने पोस्ट में लिखा दिल्ली पुलिस, आपकी हिम्मत कैसे हुई? उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करना कब से आम बात हो गई? जब शांतिपूर्ण विरोध का जवाब बातचीत के बजाय गिरफ्तारियों से दिया जाता है, तो यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

राहुल गांधी पर भड़के नितिन नवीन: बोले- विदेशी ताकतों के साथ देश को अस्थिर करने की कोशिश, जनता जवाब देगी

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल विदेशी ताकतों के जरिए देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। नवीन ने कहा कि राहुल के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। वहीं, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में सीजेपी के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से पहले नवीन ने सीजेपी को भी आड़े हाथों लिया है।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने एलन मस्क के भारत में स्टारलिंक को लाइसेंस मिलने में देरी को लेकर दिए गए बयान पर राहुल गांधी के समर्थन को लेकर निशाना साधा है। मस्क ने उद्योगपति मुकेश

अंबानी का जिक्र करते हुए भारत में एकाधिकार को लेकर सवाल उठाए थे। इस पर राहुल गांधी ने कहा था, 'भारत में आपका स्वागत है एलन, दूसरे व्यक्ति के बारे में जानेंगे तो और हैरानी होगी।' राहुल के इस रुख पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस नेता देश के आंतरिक मामलों में विदेशी ताकतों को शामिल कर रहे हैं। राहुल गांधी के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे- नितिन नवीन-भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा, %राहुल गांधी जो कर रहे हैं, भारत का युवा उन्हें देख रहा है। आप इस देश के सांविधानिक ढांचे को चुनौती दे रहे हैं और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका जवाब जनता देगी। जिन विदेशी ताकतों के दम पर आप राजनीति कर रहे हैं और भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं, आपके ये मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।नितिन नवीन ने कहा कि मैं चेतावनी देता हूं कि भाजपा और जनता, दोनों आपको जवाब देंगे। भारत सरकार कड़ाई से निपटेगी और आपके मंसूबों को रोकेगी। हम देश के प्रति प्रतिबद्ध हैं। विकसित भारत के सपने को आगे बढ़ाएंगे और देशविरोधी ताकतों से सख्ती से निपटेंगे। सीजेपी को भी भारत का युवा देख रहा है। आम आदमी पार्टी समर्थित सीजेपी देश में अशांति फैलाने की कोशिश कर रही है। दूसरी ओर दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का एलान किया है। पार्टी की मांग है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें। एसआईआर और मतदाता सूची में नामों को लेकर उठे विवाद के बीच इस प्रदर्शन के लिए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई। और सीजेपी की रणनीति अलग-अलग है, हालांकि दोनों के विरोध के केंद्र में ज्ञानेश कुमार और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सवाल हैं।

अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर निशाना, बोले- किसी के रोके नहीं रुकेगा, अब दिल्ली में देश जुटेगा

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने युवाओं के आंदोलन का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ताकत के बल पर जनता को रोकना सरकार की भूल होगी। अखिलेश ने दिल्ली में देश के जुटने की बात कही और जंतर-मंतर को नई चेतना और जागरण का प्रतीक बताया।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। हम देश की युवा ऊर्जा के साथ हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि भाजपा सरकार यह समझ रही है कि वह ताकत के बल पर जनता को रोक लेगी,



तो यह उसकी और भी बड़ी भूल साबित होगी। उनके मुताबिक, जंतर-मंतर अब केवल एक जगह का नाम नहीं, बल्कि नई चेतना और जागरण का प्रतीक बन गया हैसपा प्रमुख ने अपनी पोस्ट में कहा कि यदि सरकार आंदोलनकारियों को रोकने का प्रयास करेगी, तो देश में हर जगह जंतर-मंतर बन जाएगा। उनके इस बयान को युवाओं के आंदोलन के समर्थन और सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाने के रूप में देखा जा रहा है।खिलेश ने अपनी पोस्ट में कविता के जरिए भी युवाओं के हौसले और तैयारी का जिक्र किया। उन्होंने लिखा- माना बादशाहों का बंदोबस्त है बख्तरबंद, पर उन्होंने देखा न नौजवानों का दमखम। यहां हौसलों की भी तैयारी है चाकचौबंद, हैं साथ सब, मानकर इसको अंतिम जंग। अखिलेश यादव के इस बयान में युवाओं की एकजुटता, आंदोलन और सरकार के रवैये को लेकर उनका राजनीतिक रुख सामने आया है। हालांकि, पोस्ट में जिस आंदोलन का उल्लेख किया गया है, उससे जुड़े घटनाक्रम और सरकार की प्रतिक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है।

संपादकीय Editorial

Jantar Mantar became "Akashvani"

The opposition's "Indi" alliance organized a "Save Democracy March," but it proved to be nothing more than a mob. Ultimately, the protest remained a "barren" one. If the opposition wanted to meet the Chief Election Commissioner (CEC) and two Election Commissioners and submit their memorandum, they should have requested time, as per the constitutional body's protocol. Nearly 200 or 300 MPs cannot go to the Election Commission together, nor is any meaningful dialogue possible. Therefore, a delegation of 5-7 opposition leaders should have been formed to engage with the Election Commission. Climbing barricades, displaying wrestling postures, and shouting incoherent slogans does not intimidate the authorities, nor can CEC Gyanesh Kumar Gupta resign out of fear. He too enjoys the protection of the Constitution. The question also concerns the intention of the movement and the anarchy of the mob. When the opposition was supposed to march to the Election Commission headquarters, why did the Leader of the Opposition in the Lok Sabha, Rahul Gandhi, his MP sister Priyanka Gandhi, and some loyal Congress MPs suddenly enter Akashvani Bhavan? Government offices are there, and disrupting them is a punishable offense. The Congress party may have been using a trick to reach the Election Commission, as the main gate of the Commission was only a few meters away from the back door of Akashvani, but security is relatively strict. That gate was permanently closed. Ultimately, Rahul Gandhi and his fellow protesters, defeated, had to stage a so-called sit-in inside Akashvani Bhavan, under the shade of an old banyan tree. It was out of respect for the constitutional position of the Leader of the Opposition that police officers, and later, top Home Ministry officials, explained to Rahul Gandhi that Akashvani Bhavan was not Jantar Mantar. It was not an authorized place for protests, and therefore, he should end the sit-in. But Congress MPs like Rahul Gandhi, Priyanka Gandhi, Venugopal, Deepender Hooda, Pawan Khera, and others remained seated under a tree for nearly nine hours, eating and drinking. What kind of protest was this? Even the sloganeering had become exhausted and silent. The MPs were feeling lethargic. Finally, following orders from the Home Ministry, the Delhi Police forcibly picked them up, detained them, and sent them to the Kingsway Camp Police Lines. They were all released around 10 p.m. What was achieved? Can the Election Commission succumb to such a mob? Can millions of voters be granted the right to vote? The day's drama was over, and then some old videos appeared on TV channels. In them, Rahul Gandhi himself, three-time Chief Minister of Rajasthan Ashok Gehlot, and Congress leader Sachin Pilot, among others, complain about "duplicate" and "fake" voters. Senior Congress MP Shashi Tharoor has also stated that the party benefited from removing "fake" names from voter lists in Kerala, enabling it to form a government. In the video, Congress leaders were demanding the elimination of "duplicate" names. Now, many discrepancies, mistakes, and negligence have come to light in the Election Commission's campaign, but the matter is currently under consideration by the Supreme Court.Let it, more or less, administer "justice." If the court's "justice" also seems unjust, the path to agitation is always open. I feel like highlighting another historical fact. If Congress has been out of power in Tamil Nadu since 1967, in Bengal since 1977, in Uttar Pradesh since 1989, in Gujarat since 1995, and in Odisha since 2005, this is not due to "vote theft." The public has rejected it, and therefore, public opinion has consistently been against Congress.

Violation of Standards Is Not Right: Emphasis on Stopping Commercial Activities in Residential Areas, Enforcement Necessary in States

The Supreme Court recently directed all states to prioritize preventing commercial activities, especially in residential areas. This is a significant initiative, given the blatant violation of applicable standards being carried out across the country. The Supreme Court recently directed municipal bodies across the country to take action on a priority basis in cases of commercial use of residential properties. The Court stated that where violations are found, the property concerned should be sealed. A bench of Justices Hassanuddin Amanullah and R. Mahadevan stated that areas where it is not clearly demarcated whether they are intended for residential or commercial use should also be investigated. However, no action has been taken in such cases for the time being. The Supreme Court clarified that all authorities should complete this process without any discrimination. If selective action is taken, the Supreme Court will take the matter seriously. The Court has previously expressed concern over widespread violations of building regulations and land use rules. The Supreme Court noted that construction activities are being carried out in many places in flagrant violation of applicable rules and regulations, including in restricted areas. While hearing a petition related to illegal construction in Chennai, the Supreme Court decided to expand the scope of the matter to a nationwide one. The Court noted that it has come across numerous instances where houses and land in residential colonies are being used for unauthorized commercial purposes. The Supreme Court also ordered the sealing of residential spaces being used for commercial activities. The Supreme Court issued this directive while hearing a case regarding the enforcement of building regulations and land use restrictions. In this case, the Court is examining the issue of land or building plans being used for purposes other than those for which they were allotted or approved. The Court also warned authorities against adopting a "selective action" approach. In areas where the intended use is not clearly defined (such as commercial or residential), the issue of mixed use may also need to be considered. However, for now, there will be no change in the current situation. Paperwork can continue. In the case of a building/land/area where a legal dispute is pending, whether between private individuals regarding ownership or other matters, or between the government and a relevant party, the pending dispute will not prevent authorities from sealing the premises, provided the use is contrary to the purpose for which the land/building was allotted and for which the competent authority approved the plan.

The decision as to whether a property will be used for residential, commercial, or both is based on the rules of the local municipal corporation or authority. Often, you may need to obtain permission before starting a business from home. Therefore, it's important to initially understand which activities are generally permitted from home to avoid further problems.

The question is, what commercial activities are permitted in residential properties in India?

Housing society rules also dictate how the home can be used for commercial purposes. Therefore, property owners are generally required to obtain a No Objection Certificate (NOC) from resident committees first. In some cases, depending on local regulations and the type of property, commercial activities are permitted only in a portion of the home. Professional services permitted in residential properties include professional consultancy services such as doctors (clinics), lawyers, chartered accountants, and architects, as these are not crowded and operate on a small scale.

Educational activities are also included. Small-scale home-based activities such as tuition classes, yoga, dance, or painting classes are also generally permitted, provided they do not cause any disturbance or noise to the surrounding residents.

Work that doesn't involve significant crowds or hassle, such as freelancing, running a home office, online businesses (where customers don't come in person), and small clothing boutiques, is also included. However, compliance with established regulations is essential. Cloud kitchens or home-based food delivery can also be undertaken, but they must comply with the Food Safety and Standards Authority of India (FSSAI) regulations.

In most states, such activities are permitted only in a portion of the home, typically around 25 to 50 percent of the total built-up area. On the other hand, operating a factory or production unit in a home is not permitted. Land use change approval is required first, and once permission is granted, the property is considered commercial for legal and tax purposes.

Storing flammable (flammable), toxic, or polluting materials. The sale or use of these is prohibited because it poses both safety and environmental risks. Some businesses, such as liquor stores, banquet halls, and vehicle repair workshops,

are generally not permitted to operate in residential areas because their operations impact the surrounding population.

30 lakh rupees in Mamata Banerjee's account: It went and it was received, but why?

Around 30 lakh rupees were transferred to Mamata Banerjee's account from Octave Records, and former minister Indranil Sen described it as "royalty." The money was transferred and received through banking channels—but the real question is why? For which song, tune, or composition was the royalty, for which rights was the payment made, what was the rate, and on what basis was the 30 lakh rupees calculated? A bank transaction has raised new questions in Bengal politics. According to the Enforcement Directorate (ED), approximately 30 lakh rupees were transferred from the account of Octave Records, owned by former minister Indranil Sen, to the account of then-Chief Minister Mamata Banerjee through banking channels. Sen, during interrogation, described this amount as "royalty." The money was lost—this can be confirmed by bank records. The money was received—this can also be clarified by bank records.But the biggest question is—Why was it received? This question has become the center of this entire matter.

The word 'royalty,' but what is the basis? Royalty can be paid in exchange for the use of a song, book, musical composition, or other intellectual property. The Trinamool Congress (TMC) has also stated that Mamata Banerjee has been receiving royalties for her books, songs, and musical compositions, and that Octave Records marketed her songs. According to the party, the payment was made through banking channels, and TDS was deducted. But this is where the real question of investigation begins.

Royalty for which song? For which tune? For which rights? At what rate? And why only 30 lakh rupees? If the payment was a regular royalty, there should be some accounting basis behind it—a calculation of rights, sales, or payment.

This documentary link becomes crucial. The bank statement will show 'how much,' not 'why'—it's important to understand this difference.Bank records may show that approximately 30 lakh rupees were transferred to Mamata Banerjee's account from Octave Records. But the bank statement itself does not prove that the amount was royalty. Separate evidence is needed for that. What was the contract?Which composition's rights were granted? How many sales occurred? What was the royalty rate? What was the total sales? And how did that calculation yield ?3 million? These are the questions the investigation must answer.If CDs were sold, how many were sold?Another crucial link in the case is the sales of the song CDs. If ?3 million was paid as royalty, it's important to know the total sales of the songs or music material involved.

Were there online sales? Were there sales through stores? If CDs were sold for cash to activists or supporters, how many CDs were sold and how much money was generated from them?ster? Is that amount recorded in the company's books? And most importantly—where is the account of the sales based on which the royalty was generated? This is where the question of calculating ?3 million becomes even more serious. Cash deposits of ?3.8 crore increase the severity of the investigation. The ED has stated that over ?3.8 crore in cash was deposited into the bank accounts of Indranil Sen and his proprietorship firm during his tenure as minister. The agency is investigating this extensive money trail. The ED has also stated that during Sen's tenure, several tenders worth over ?85 crore related to the Tourism and Culture Department were awarded to companies owned by individuals said to be close to Sen. The agency is also investigating these transactions and subsequent fund flows.During this investigation, a payment of ?30 lakh from the Octave Records account to Mamata Banerjee has come to light.

But there is an important distinction here—depositing money into an account or transferring it to another account does not in itself prove a crime. The investigation must establish the source of the money and the actual purpose of the payment. Now the real test—proof of 'royalty'. Indranil Sen has told the ED that the reason for the payment was 'royalty'. But the strength of this claim will depend on the documents and accounting records available to support it. The ED's public information has not yet alleged any criminality in relation to the payment.

The question, therefore, is not about drawing conclusions about Mamata Banerjee, but rather about determining the nature of the transaction. Was this a regular royalty? If so, what was its basis? And if it was a royalty—By what formula was the

जमकर गिरे ओले: मुरादाबाद मंडल में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान, संभल में एक की मौत

मुरादाबाद मंडल के चारों जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित हुआ। संभल में पेड़ गिरने से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि रामपुर के बिलासपुर और अमरोहा में ओलावृष्टि से धान समेत अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा। मुरादाबाद में भी तेज बारिश से सड़कों और खेतों में पानी भर गया। पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से कई जगह घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही।मुरादाबाद मंडल के रामपुर, संभल, अमरोहा व मुरादाबाद जिलों में शुक्रवार को आंधी-बारिश का कहर रहा। रामपुर के बिलासपुर में भारी ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। इस दौरान नैनीताल रोड पर सफेद चादर सी बिछ गई। अमरोहा और संभल में भी बारिश और आंधी संग ओलावृष्टि हुई।

संभल में ई रिक्शा पर पेड़ गिरने से चालक की जान चली गई। मुरादाबाद में भी मौसम के बदले मिजाज से दोपहर में अंधेरा छा गया। करीब एक घंटे की बारिश में सड़क से खेतों तक पानी भर गया। जिलों में आंधी और बारिश से जगह-जगह पेड़ और बिजली के खंभे धराशायी हो गए जिससे घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। संभल के असमोली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे ई-रिक्शा चालक भोलू (53) कहीं जा रहा था। तभी अचानक उठी आंधी और बारिश के बीच धर्मशाला अड्डे के पास पाकड़ का एक बड़ा पेड़ सड़क पर आ गिरा। इसकी चपेट में आए भोलू की मौत हो गई। हादसे के बाद काफी देर तक यातायात बाधित रहा।सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने जेसीबी की मदद से पेड़ को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। रामपुर जिले के बिलासपुर क्षेत्र में आंधी और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है। इससे फसलों के भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जिले में मौसम की मार से करीब 15-20 प्रतिशत तक फसली नुकसान की संभावना है।पूरे जिले में कहीं कम तो कहीं अधिक बारिश हुई है लेकिन बिलासपुर क्षेत्र में ओलावृष्टि अधिक हुई है। अमरोहा में भी शुक्रवार को करीब 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा के बाद हुई बारिश से खेतों में तैयार धान की फसल जमीन पर बिछ गई। दोपहर में तेज गड़गड़ाहट और बिजली की चमक के बीच रुक-रुककर बारिश होती रही।अमरोहा शहर, डिडौली, नौगावां सादात, कैलसा क्षेत्र में ओलावृष्टि भी हुई। धान कटाई से ठीक पहले ओलावृष्टि की मार से किसानों को फसल खराब होने की चिंता सताने लगी है। किसानों ने प्रभावित खेतों का सर्वे कराकर नुकसान के अनुसार मुआवजा दिलाने की मांग की हैमुरादाबाद में शहर से देहात तक अचानक बदले मौसम से दिन में ही अंधेरा छा गया। दोपहर बाद करीब एक घंटे की झमाझम बारिश से खेतों और सड़कों पर पानी भर गया। आंधी-बारिश में बड़ी संख्या में बिजली के खंभे धराशायी हुए, जिससे शहर से देहात तक घंटों बिजली आपूर्ति बाधित हुई।

धान की तैयार फसल पर अधिक मार, गन्ना, बाजरा, अगेती आलू और हरी सब्जियों को भी नुकसान - शुक्रवार को अचानक बदले मौसम के मिजाज ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है। धान की तैयार फसलों पर सबसे अधिक मौसम की मार पड़ी। वहीं गन्ना, बाजरा, अगेती आलू और हरी सब्जियों को भी काफी नुकसान की आशंका है। ठाकुरद्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. रवींद्र कुमार का कहना है कि शुक्रवार की बारिश से बासमती धान की फसल को काफी क्षति पहुंची है। तापमान में गिरावट ठंड का अहसास- आंधी-बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28.6 और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। एक दिन पहले अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस था। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में गिरावट के कारण ठंड का अहसास होने लगा है। बीमा कंपनी के साथ मंडल के प्रत्येक जिले के अधिकारियों की टीम नुकसान का जायजा लेगी। सभी जिलों को नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। - रविकांत, उप निदेशक कृषि

मुरादाबाद डीएम अनुझय झा ने किया प्रशासनिक फेरबदल: चार SDM बदले, अभय सिंह फिर सदर के मुखिया

मुरादाबाद में डीएम अनुनय झा ने सदर, कांठ, ठाकुरद्वारा और बिलारी समेत चारों तहसीलों के उपजिलाधिकारियों को बदल दिया है। खास बात यह है कि अभय सिंह को दो माह बाद फिर से सदर एसडीएम की कमान सौंपी गई है, जबकि हरदोई से आए मयंक कुंडू कांठ के नए एसडीएम बने हैं।मुरादाबाद में चार तहसीलों के एसडीएम बदले गए अभय सिंह को दोबारा सदर एसडीएम की जिम्मेदारी मिली- मयंक कुंडू कांठ के नए उपजिलाधिकारी नियुक्तजिले की प्रशासनिक मशीनरी में बदलाव के बाद उपजिलाधिकारियों में जिस ऊंहापोह की स्थिति थी, उस पर शुक्रवार को मुहर लग गई। डीएम अनुनय झा ने सदर, कांठ, ठाकुरद्वारा और बिलारी समेत चारों तहसीलों के एसडीएम हटा दिये और दूसरों को मौका दिया है। चौकाने वाली बात यह है हटाए गए एसडीएम भी लंबे समय से तैनात नहीं थे। उन्हें भी कुछ माह पहले ही मौका मिला था। अप्रत्याशित रूप से दो माह में ही सदर से हटाए गए एसडीएम अभय सिंह को सदर की दोबारा कमान सौंपी गई है, वहीं हरदोई से आए मंयक कुंडू को कांठ का एसडीएम बनाया गया है। जिले में लंबे समय बाद ऐसा हुआ है कि तैनात कोई एसडीएम साल तो दूर छह माह का कार्यकाल भी पूरा नहीं कर पाए। किसी भी तहसील में अब महिला एसडीएम नहीं हैं। प्रीति सिंह के बाद स्निग्धा चतुर्वेदी को कांठ की कमान मिली थी।चार, साढ़े तीन और दो-दो महीने के कार्यकाल में ही हटाए गए एसडीएम-हटाए गए प्रिंस वर्मा को साढ़े चार माह पूर्व बिलारी तहसील की कमान मिली थी। अब उन्हें हटाकर अपर उप जिलाधिकारी सदर बनाया गया है। उसके साथ प्रभारी अधिकारी निर्वाचन का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। बीते दिन ही उन्होंने सरकारी भूमि कब्जामुक्त कराई थी। साढ़े तीन माह पूर्व कांठ की कमान पाने वाली स्निग्धा चतुर्वेदी को एसीएम द्वितीय बनाया गया है। साथ में पीओ डूडा का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। मुरादाबाद-हरिद्वार हाईवे स्थित 30 करोड़ की सरकारी भूमि कब्जामुक्त कराकर वह चर्चा में आईं थीं। हाल में ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन के विरुद्ध चले अभियान में भी उन्होंने खूब कार्रवाई की।सदर, कांठ के साथ ठाकुरद्वारा व बिलारी में भी नए एसडीएम की तैनाती- दो माह पूर्व सदर तहसील की कमान पाने वाले अभिषेक सिंह को हटाकर एसडीएम न्यायिक कांठ बनाया गया है। अभिषेक के साथ ही ठाकुरद्वारा की कमान पाने वाले वेद प्रकाश पांडेय को एसडीएम न्यायिक बिलारी बनाया गया है। एसीएम द्वितीय अंजनी कुमार मिश्रा को एसडीएम ठाकुरद्वारा बनाया गया है। एसडीएम न्यायिक कांठ अमित सिंह को एसडीएम बिलारी बनाया गया है। एसडीएम न्यायिक बिलारी अभय सिंह फिर सदर संभालेंगे।डॉक्टर वंदना मिश्रा को दी ये जिम्मेदारी- डॉ. वंदना मिश्रा को एसडीएम मुख्यालय के साथ बंदोस्त अधिकारी चकबंदी व विशेष कार्याधिकारी एमडीए की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। हरदोई से हाल में ही आए मयंक कुंडू को कांठ की कमान दी गई है। एक साथ चारों एसडीएम का बदला जाना प्रशासनिक खेमे ही नहीं जिले में चर्चा का विषय बना है।

काम की खबर: अब मुरादाबाद में 10 दिन में मिलेगा बिजली कनेक्शन, बकाया पर नोटिस जरूरी

मुरादाबाद में अब बिजली कनेक्शन 10 दिन के भीतर मिलेगा और बकाया होने पर कनेक्शन काटने से पहले नोटिस देना अनिवार्य होगा। डीएम अनुनय झा ने विद्युत विभाग को उपभोक्ता सेवाओं में सुधार और लंबित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए।बिजली कनेक्शन अब अधिकतम 10 दिन में जारी होगा। बकाया होने पर कनेक्शन काटने से पहले नोटिस अनिवार्य। गलत बिलों के सुधार और जर्जर खंभों का सर्वे होगा।बिजली कनेक्शन के लिए अब उपभोक्ताओं को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आवेदन मिलने के अधिकतम 10 दिन के भीतर नियमानुसार नया विद्युत संयोजन जारी करना होगा। गलत बिलों को दुरुस्त करने में भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम अनुनय झा ने शुक्रवार को विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को उपभोक्ता सेवाओं में सुधार और लंबित मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने नए कनेक्शन और बिजली बिल संशोधन से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए विशेष कैंप लगाने को कहा। डीएम ने स्पष्ट किया कि बकाया जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने से पहले नोटिस देना अनिवार्य होगा। उपभोक्ता मौके पर मौजूद नहीं है तो संबंधित परिसर पर नियमानुसार नोटिस चस्पा किया जाए।जर्जर और झुके बिजली के खंभों का होगा सर्वे- डीएम ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में झुके व जर्जर बिजली के खंभों का सर्वे कराकर उनकी मरम्मत अथवा बदलने के निर्देश दिए, जिससे हादसों की आशंका कम हो। विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए अक्टूबर में सात उपकेंद्रों पर सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक कैंप लगाए जाएंगे।गलत बिलों पर भी चलेगा सुधार अभियान-कैंप में नए कनेक्शन, बिजली बिल संशोधन, आपूर्ति और अन्य समस्याओं की शिकायतें सुनी जाएंगी। संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर मौजूद रहेंगे। विभागीय उच्चाधिकारी भी निरीक्षण कर शिकायतों के निस्तारण की प्रगति देखेंगे। उपभोक्ता निर्धारित तिथि और समय पर संबंधित उपकेंद्र पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

सुरक्षित सीटों पर सपा असुरक्षित, दो चुनाव में लगातार मिली हार; इन सीटों पर कैसी है साइकिल की स्थिति?

मुरादाबाद मंडल की सुरक्षित सीटों पर सपा असुरक्षित है। दो चुनाव में लगातार हार मिली है। मंडल में विधानसभा की पांच सीटें आरक्षित, चार पर भाजपा का कब्जा है। 2022 के चुनाव में सिर्फ नगीना सुरक्षित सीट पर ही सपा को जीत मिली थी। मंडल में धनौरा, मिलक, चंदौसी, नहटौर सीट पर लगातार पार्टी को हार मिल रही है।सपा का गढ़ कहे जाने वाले मुरादाबाद मंडल की पांच सुरक्षित सीटों में चार पर पार्टी असुरक्षित है। नगीना को छोड़ बाकी चार सीटों पर पार्टी को लगातार हार मिल रही है। कहीं दो बार तो कहीं तीन बार से सपा हार रही है।

आने वाले विधानसभा चुनाव में ये चार आरक्षित सीटें सपा के लिए चुनौती बनेंगी। फिलहाल इन सीटों पर पार्टी पीडीए को धार देने में जुटी है। मुरादाबाद मंडल में कुल 27 विधानसभा सीटें हैं। इसमें पांच सीटें (नगीना, नहटौर, धनौरा, मिलक और चंदौसी) आरक्षित हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन पांच में चार पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। सपा को सिर्फ नगीना सीट पर ही जीत मिली थी। पिछले कुछ वर्षों के चुनाव परिणाम बताते हैं कि मंडल की आरक्षित सीटों पर सपा का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा है।रामपुर जिले की मिलक, अमरोहा की धनौरा और बिजनौर की नहटौर विधानसभा सीट 2012 में अस्तित्व में आई। इन सीटों पर तीन बार चुनाव हो चुके हैं। नहटौर पर सपा को अभी तक एक बार भी जीत नहीं मिली है। जबकि धनौरा और मिलक में लगातार दो चुनाव से पार्टी को हार का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चंदौसी सीट पर आखिरी बार सपा ने 2012 में जीत दर्ज की थी।मंडल की इकलौती नगीना सुरक्षित सीट है जिसपर सपा सुरक्षित है। इस सीट पर पार्टी लगातार तीन बार से जीत दर्ज कर रही है। बाकी चार सीटें पार्टी के लिए चुनौती बनी हुई हैं। 2027 के चुनाव में सपा इन चार सीटों पर भाजपा की काट ढूंढने में लगी है। इसके लिए पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) को धार देने में जुटी है। इन आरक्षित सीटों पर मुस्लिमों के साथ-साथ पिछड़ों को जोड़ने में लगी है। आरक्षित सीटों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष की नजर है। पार्टी स्तर पर इन सीटों के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है। एससी के साथ-साथ दूसरी बिरादरियों को भी जोड़ा जा रहा है। - जयवीर यादव, सपा जिलाध्यक्ष

मंडल की पांच आरक्षित सीटों पर सपा की स्थिति-विधानसभा सीट सपा की स्थिति-
नहटौर 03 चुनाव हुए, तीनों में हारमिलक 2012 में मिली थी जीत चंदौसी
2012 में मिली थी जीत धनौरा
2012 में मिली थी जीत नगीना
लगातार तीन बार मिल रही जीत
2022 में सपा ने मंडल में किस वर्ग से कितने प्रत्याशी उतारे थे
वर्ग संख्या जीत
मिली- मुस्लिम 13
11 ओबीसी 08
05 एससी 04
01 नोट = बिजनौर और नहटौर से रालोद के उम्मीदवार मैदान में थे।

संक्षिप्त समाचार

सिपाही भर्ती में दौड़ लगाने पहुंची युवती पर पुलिस को हुआ शक, एडमिट कार्ड देखते ही कर लिया गिरफ्तार

मुरादाबाद में यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की दौड़ में एक युवती फर्जी एडमिट कार्ड के साथ पकड़ी गई। लिखित परीक्षा में फेल होने के बावजूद उसने धोखाधड़ी से प्रवेश का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और प्राथमिकी दर्ज की।मुरादाबाद में सिपाही भर्ती में फर्जी एडमिट कार्ड।लिखित परीक्षा में फेल युवती दौड़ में पकड़ी गई। पुलिस ने आरोपी युवती को किया गिरफ्तार।उत्तर प्रदेश यूपी पुलिस सिपाही भर्ती में परीक्षा में फेल होने के बाद भी अमरोहा की युवती साहिबा फर्जी एडमिट कार्ड लेकर दौड़ लगाने के लिए पहुंच गई। जैसे ही वह नौवीं वाहिनी पीएसी के मैदान के गेट पर पहुंची तो चेकिंग के दौरान महिला अभ्यर्थी के पास से फर्जी एडिट कार्ड मिला। ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों ने उससे पूछताछ की तो महिला ने फर्जी एडमिट कार्ड होने की बात कबूल कर ली। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ सिविल लाइंस पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। यह है पूरा मामला-अमरोहा के दहात क्षेत्र के कारहट उर्फ रामहट निवासी कु. साहिबा ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती के लिए आवेदन किया था। उसने लिखित परीक्षा दी, लेकिन वह परीक्षा में फेल हो गई। इसके बाद भी उसने सिपाही बनने के लिए फर्जीवाड़ा की कोशिश की। नौवीं वाहिनी के मैदान में यूपी पुलिस में सिपाही पद के लिए भर्ती के लिए दौड़ प्रक्रिया चल रही है।महिला एसआई रेनूपाल अपनी टीम के साथ गेट पर महिला अभ्यर्थियों की चेकिंग कर रही थी। गुरुवार की सुबह साहिबा ने प्रवेश पत्र दिखाकर प्रवेश करने की कोशिश की। साहिबा के प्रवेश पत्र में अनुक्रमांक की संख्या कम थी। शक होने पर उन्होंने साहिबा को साइड में लेकर जाकर पूछताछ की तो उसने सच्चाई उगल दी। उसने बताया कि वह लिखित परीक्षा में फेल हो गई थी। बरेली में रहने वाली उसकी सहेली अस्मिता मलिक के भाई कादिर हुसैन ने वाट्सएप प्रवेश भेजा था।सूचना मिलने पर सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंच गई और साहिबा को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने महिला साहिबा और कादिर अली के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

दिल्ली कूच से पहले भाकियू नेताओं को पुलिस ने किया नजरबंद

रामपुर। दिल्ली में वोट चोरी के खिलाफ चल रहे आंदोलन में भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के समर्थन के एलान का असर रामपुर में भी दिखने लगा है। शुक्रवार रात दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे भाकियू नेताओं को रोकने के लिए पुलिस उनके घर पहुंच गई। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद को गवर्नमेंट प्रेस रोड स्थित घर पर रोके जाने को लेकर किसानों और पुलिस के बीच काफी देर तक नोकझोंक हुई। मामला बढ़ने पर सीओ सिटी अभिषेक श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंच गए। इसी मामले में पुलिस ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं को भी नजरबंद कर दिया।भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर वह दिल्ली में चल रहे वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान रात आठ बजे पुलिस उनके घर पहुंच गई और दिल्ली जाने से रोक दिया। हसीब अहमद ने इसका विरोध किया। इस दौरान पुलिस और किसान नेताओं के बीच काफी देर तक बहस होती रही।हसीब अहमद ने कहा कि पुलिस ने उनके घर से निकलने का रास्ता ब्लॉक कर दिया है और उन्हें धमका रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने दिल्ली में चल रहे आंदोलन को समर्थन देने और उसमें शामिल होने का एलान किया है। इसके बाद संगठन के पदाधिकारी भी आंदोलन में भाग लेने की तैयारी में जुटे थे। किसान नेताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए पुलिस के पहुंचने और सीओ सिटी के मौके पर आने से रात में गहमागहमी बनी रही। खबर लिखे जाने तक किसानों ने रास्ते में बैठकर धरना शुरू कर दिया था। इस दौरान दरबारी लाल शर्मा, मोहम्मद तालिब, छिद्दा नेता, शाकिर अली आदि मौजूद रहे।इधर, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट अरसलान ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ दिल्ली के लिए निकलने वाले थे, लेकिन रात करीब नौ बजे पुलिस पहुंच गई और उन्हें घर में ही नजरबंद कर दिया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना माधौटांडा में की गई जनसुनवाई

क्यूँ न लिखूँ सच / गोमती उद्गम स्थल का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य को देखा एवं गुणवत्ता परखी जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में आज आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना माधौटांडा में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों का समय से निस्तारण कराया जाये तथा भूमि से सम्बन्धित प्रकरण में क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। ?। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा गोमती उद्गम स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्गम स्थल पर कराए जा रहे शौचालय निर्माण एवं सीसी रोड़ निर्माण के कार्य को देखा?। निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता परखी और कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए निर्माण कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, डीएफओ, उप जिलाधिकारी कलीनगर, थानाध्यक्ष, लेखपाल, सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

CM योगी के बरेली दौरे पर अभेद्य सुरक्षा का चक्रव्यूह, DIG अजय साहनी ने पुलिस लाइन में संभाला मोर्चा

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 13 अक्टूबर को प्रस्तावित बरेली दौरे को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। शुक्रवार को DIG अजय कुमार साहनी ने एडीजी बरेली जोन और मंडलायुक्त के साथ पुलिस लाइन पहुंचकर वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य बिंदु- जीरो टॉलरेंस पर सुरक्षा- DIG अजय साहनी ने दो-टूक कहा कि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा में किसी भी स्तर पर चूक बर्दाश्त नहीं होगी। सटीक तैनाती- ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों की स्पष्ट ब्रीफिंग देने और समय से तय प्वाइंट्स पर पहुंचने के निर्देश दिए गए। निगरानी और समन्वय- कार्यक्रम स्थल और आसपास के पूरे इलाके में लगातार कड़ी निगरानी रखी जाएगी; सभी विभागों को आपसी तालमेल से कमियां तुरंत दूर करने को कहा गया है। सुचारु ट्रैफिक- अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि सुरक्षा पुख्ता रहे, लेकिन आम जनता को आवागमन में किसी तरह की असुविधा न हो। सीएम के दौरे को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद है और सुरक्षा का खाका पूरी तरह तैयार कर लिया गया है।

13 अक्टूबर को बरेली में महा-डायवर्जन: VIP दौरे पर भारी वाहनों की नो-एंट्री , पुराना बस अड्डा रहेगा बंद

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस ने कड़ा ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया है। सुबह 7 बजे से कार्यक्रम खत्म होने तक सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के चलते शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नो-एंट्री ज़ोन- परसाखेड़ा रोड-1, विल्वा पुल, लालपुर कट, विलयधाम, नवदिया झादा, ट्रांसपोर्टनगर, रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ से किसी भी भारी वाहन को शहर में प्रवेश नहीं मिलेगा। भारी वाहनों का रूट- दिल्ली, रामपुर, पीलीभीत और नैनीताल से बदायूं या लखनऊ जाने वाले भारी वाहन बड़े बाईपास, विल्वा, फरीदपुर व फतेहगंज पूर्वी होकर निकाले जाएंगे। रोडवेज बसें- पुराना बस अड्डा (नावल्टी) पूरी तरह बंद रहेगा। सभी रोडवेज बसें केवल सैटेलाइट बस स्टैंड से संचालित होंगी। दिल्ली-रामपुर की बसें मिनी बाईपास, डेलापीर व 100 फुटा होकर सैटेलाइट पहुंचेंगी। स्कूली बसों पर रोक- चौपला, चौकी चौराहा, कचहरी तिराहा, सर्किट हाउस, पटेल चौक और गांधी उद्यान की तरफ स्कूली बसों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। अपील- पुलिस प्रशासन ने शहरवासियों से असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने का अनुरोध किया है।

आगामी त्योहारों को लेकर कलेक्ट्रेट में पीस कमेटी की बैठक, DM और SP ने दिए सख्त निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच /फर्रुखाबाद। शारदीय नवरात्रि, रामलीला और दशहरा मेले को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई, निर्बाध बिजली और जलापूर्ति में कोई कोताही न बरती जाए- सख्त व्यवस्था व सतर्कता- संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी समस्या की सूचना पर तत्काल कार्रवाई हो। बिजली व सड़क मरम्मत विद्युत विभाग क्षतिग्रस्त खंभों और लटकते तारों को तुरंत ठीक करे तथा पंडालों में सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे। लोक निर्माण विभाग (क्ष्ढ़्र) गड्ढायुक्त सड़कों की तुरंत मरम्मत कराए। स्वच्छता व सुविधाएं- मंदिरों और प्रतिमा स्थापना स्थलों पर नगर पालिका नियमित सफाई व चूने का छिड़काव कराए। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में एडीएम, एएसपी, तीनों तहसीलों के एसडीएम, सीओ, नगर पालिका ईओ और पीस कमेटी के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

आठ सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर थाना दिवस पर बैठे

क्यूँ न लिखूँ सच / शेर सिंह / भुता। अपनी आठ सूत्रीय मांगों और विभिन्न समस्याओं को लेकर लेखपालों ने शनिवार को थाना दिवस के दौरान हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया और शासन-प्रशासन का अपनी मांगों की ओर ध्यान आकर्षित कराया। लेखपालों ने बताया कि मांगों को लेकर ऑनलाइन कार्य बंद कर दिए गए हैं, जबकि आवश्यक ऑफलाइन कार्य किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से उनकी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। थाना दिवस के दौरान लेखपाल काली पट्टी बांधकर फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण से संबंधित कार्यों में जुटे रहे। इस दौरान अधिकारियों और फरियादियों ने भी लेखपालों के विरोध को देखा। लेखपालों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी आठ सूत्रीय मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो 17 अक्टूबर से पूर्ण हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि, अखिलेश यादव को सीएम बनाने का संकल्प

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, भारत के पूर्व रक्षामंत्री और यूपी के पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर समाजवादी नेताओं ने उन्हें याद किया। बरेली में सपा कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उनके संघर्ष, जनता से जुड़ाव और समाज सेवा को याद किया गया।

